भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 1570

उत्तर देने की तारीखः 01.07.2019

नवोन्मेष प्रकोष्ठ

1570. श्री अण्णा साहेब शंकर जोल्लेः

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा इस विशिष्ट अधिदेश के साथ एक नवोन्मेष प्रकोष्ठ शुरू किया गया है कि नए विचारों की सराहना, पल्लवन, सहायता एवं साथ देने की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में कार्यकलापों को बढ़ावा दिया जाए; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने उक्त नवोन्मेष प्रकोष्ठ के माध्यम से संतोषजनक प्रगति हासिल कर ली है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ग) विभिन्न नवाचार संबंधी कार्यकलापों जैसे उच्चतर शिक्षा संस्थाओं (एचईआई) में संस्थान नवाचार परिषदों (आईआईसी) की स्थापना, नवाचार मापदंडों (एआरआईआईए-नवाचार उपलब्धियों की रैंकिंग से संबंधित संस्थानों की अटल रैंकिंग) से संबंधित एचईआई रैंकिंग, हैकथॉन (स्मार्ट इंडिया हैकथॉन, अंतर्राष्ट्रीय हैकथॉन, बड़ी/छोटी चुनौतियां) और अन्य ऐसी पहल शुरू करने के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) में एक नवाचार प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। नवाचार प्रकोष्ठ ने अन्य बातों के साथ-साथ स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2018 और 2019, सिंगापुर इंडिया हैकाथॉन 2018, एआरआईआईए रैंकिंग 2019 का आयोजन किया, जिसने 900 से अधिक उच्चतर शिक्षा संस्थाओं में संस्थान नवाचार परिषदों (आईआईसी) की स्थापना में सहायता की और छात्रों को उद्यमियों के जीवन के अनुभवों से सीखने में सहायता करने के लिए भारत की पहली नेतृत्व वार्ता श्रृंखला आयोजित की।

*****